दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 24 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि किसानों का कल्याण केन्द्र सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। श्री मोदी ने भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान मे पीएम किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त जारी करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार किसानों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि अगर एनडीए सरकार नही होती तो देश का किसान आज भी अपनी मजबूरियों के साथ ही जीने को विवश होता।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से नौ करोड़ अस्सी लाख किसानों को सीधे फायदा दिया है। 22 हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में अंतरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन पीएम किसान योजना की सातवीं वर्षगांठ के अवसर पर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से राज्य में किसानों से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और उद्घाटन भी किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत मोतीहारी में मवेशियों की देसी नस्लों के प्रजनन के लिए क्षेत्रीय उत्कृष्टता केन्द्र का उद्घाटन किया। उन्होंने बेगुसराय के बरौनी में एक सो तेरह करोड रुपये की लागत से स्थापित दूध संसाधन इकाई को भी लोगों को समर्पित किया।

प्रधानमंत्री ने नव–निर्मित दोहरी रेलवे लाइन वादा–वारिसालीगंज–तिलैया सेक्शन का भी लोकार्पण किया। इसके निर्माण पर पांच सौ बीस करोड़ रुपये की लागत आई है। प्रधानमंत्री ने देशभर में स्थापित किए गए दस हजार किसान उत्पादक संगठनों का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

आकाशवाणी पटना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भागलपुर की सभा पर आधारित एक रेडियो रिपोर्ट आज रात साढ़े दस बजे से रात ग्यारह बजे तक प्रसारित करेगा। इसे राज्य स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।

---

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल का तीन दिवसीय शताब्दी समारोह शुरू हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल पटना के बापू सभागार में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत देश और विदेश के कई जाने–माने चिकित्सक और पीएमसीएच के पूर्ववर्ती विद्यार्थी भी मुख्य समारोह में मौजूद रहेंगे। इधर, आज समारोह के दूसरे दिन वैज्ञानिक सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने किया।

---

आकाशवाणी पटना राष्ट्रपति के कार्यक्रम पर आधारित रेडियो रिपोर्ट कल रात साढ़े दस बजे से ग्यारह बजे तक प्रसारित करेगा। इस रेडियो रिपोर्ट को राज्य के सभी रिले केन्द्र प्रसारित करेंगे।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में मौमस शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतर स्थानों पर तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। वहीं, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई है। भीमनगर में बाईस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। जबकि बीरपुर में आठ दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक प्रदेश के तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा। वहीं, सत्ताईस फरवरी के बाद

एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कैमूर, औरंगाबाद, रोहतास, गया, नवादा, जमुई, बांका और भागलपुर जिलों में कई स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है।

———————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न जिलों में बिहार पुलिस सप्ताह दो हजार पच्चीस के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सत्ताईस फरवरी तक जारी रहेगी। इसी कड़ी में आज भोजपुर पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता प्रभात फेरी निकाली। इधर, गोपालगंज में पुलिस–पब्लिक क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। अरवल जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित कानूनों की जानकारी लोगों को उपलब्ध कराई गई। पटना के विभिन्न थानों में भी जन जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

समाप्त